हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

4 सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, मौत, चक्काजाम



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी 20 तक जमा कराएं प्रमाण पत्र

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा अपने समस्त सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों, पेंशनरों से कहा गया है कि वे जीवित प्रमाण पत्र तीन-तीन प्रतियों में 20 अक्टूबर तक नगर निगम कार्यालय स्थित स्थापना शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं ताकि उनके मासिक पेंशन भुगतान में किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित न हो। निगम के उपायुक्त व स्थापना प्रभारी पवन वर्मा ने सूचना जारी कर आगे कहा है कि निर्धारित तिथि तक जीवित प्रमाण पत्र जमा नहीं होने पर मासिक पेंशन भुगतान अवरूद्ध होने की समस्त जिम्मेदारी संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारियों की होगी।

### माया का नेशनल साइक्लिंग प्रतियोगिता में हुआ चयन

**कोरबा।** रानी लक्ष्मी बाई स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा माया ने राज्य स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। माया की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला सहित विद्यालय परिसर में खुशी की लहर है। उनकी मेहनत और लगन ने न केवल अपने माता पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि जिले को भी गर्वान्वित किया है। विद्यालय के संचालक ने कहा कि विद्यालय की छात्रा माया ने अपने साहस, परिश्रम और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और प्रदेश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कराएंगी।

### खुटरीगढ़ महामाया मंदिर में सर्व यादव समाज का बैठक संपन्न

**कोरबा।** सर्व यादव समाज का जिला स्तरीय बैठक रविवार को 11 बजे आयोजित की गई थी। बैठक में सर्व यादव समाज के अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, केदार कश्यप, चंद्रमणि यादव, जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा केंद्र अध्यक्ष गणेश यादव पोड़ी उपरोड़ा की अध्यक्षता में बैठक रखा गया था। जिसमें समाज के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में पुराने रूढ़िवादी परंपराओं को हटाना शादी ब्याह, छठी, दशगात्र के नियमों का संशोधन किया गया। ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में नए पदाधिकारी का नियुक्ति किया गया।

### प्रांतीय सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय सांस्कृतिक महोत्सव का समापन वैदिक रीति के साथ हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विद्या भारती मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर एवं अध्यक्षता सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नानजी भाई पटेल उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में पूर्व व्यवस्थापक डॉ विकास जोशी, छत्तीसगढ़ संस्कृत बोध परियोजना के सहसंयोजक प्रेमलाल पटेल, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार देवांगन एवं उपस्थित अन्य पदाधिकारी के रूप में संस्कृति बोध परियोजना के संयोजक अनिल वर्मा, छात्र परीक्षा संचालक अशोक देवांगन, प्रधानाचार्य पंकज तिवारी सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## दशहरा मैदानों में देर शाम उमड़ी लोगों भीड

# रुक रुककर होती रही बारिश, रावण दहन में डाला खलल, आतिशबाजी के बीच दशानन का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले सहित उपनगरीय क्षेत्रों में आयोजित रावण दहन के लिए दोपहर से ही ग्राउंडों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ गई थी। लगातार हो रही बारिश की वजह से समितियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गुरुवार की दोपहर मौसम ने करवट बदली और फिर से बारिश शुरु हो गई जिससे रावण का पुतला बारिश में भीगता रहा लेकिन बारिश थमते ही एक बार फिर से मेला ग्राउंडों में रौनक देखी गई और देर शाम होते ही आतिशबाजी का नजारा सामने आता गया और गुरुवार की देर रात शहर के साथ साथ उपनगरीय क्षेत्रों तथा ग्रामीण अंचलों में रावण के पुतले का दहन किया गया। शहर में जहां दशहरा मैदान में रावण दहन देखने एक बड़ी भीड़ उमड़ पड़ी तो वहीं दर्री के लाल मैदान में बने लगभग 120 फीट के रावण को देखने के लिए सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ नजर आयी। जहां आतिशबाजी के साथ इन स्थानों में रावण के पुतले का दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

रावण दहन को लेकर जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में व्यापक स्तर पर विभिन्न समितियों ने पहले ही तैयारियां पूरी कर ली थी लेकिन बुधवार को हुई झमाझम बारिश के बाद कई स्थानों में खड़े हो चुके रावण धराशायी हो गए थे जिन्हें फिर से खड़ा किया गया था लेकिन वहीं दूसरी ओर गुरुवार की दोपहर होते हुए मौसम ने करवट बदली और फिर से बारिश शुरु हो गई और दशहरा के उत्सव में फिर से खलल हो गया और कई स्थानों में रावण का पुतला फिर से भीग गया लेकिन बारिश थमते ही फिर से समितियों ने रावण के पुतले को पुनः व्यवस्थित किया और शहर के ओपन ऑडिटोरियम और शहर के डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर, एमपी नगर, शिवाजीनगर, मुड़ापार, बुधवारी, पुराना बस स्टेंड, लाल मैदान दर्री, गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा, कटघोरा सहित ग्रामीण अंचलों में आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया गया।



धूं धूंकर जलता रावण।



रावण दहन के दौरान उमड़ी भारी भीड़।

### खास बातें

- लाल मैदान व घंटाघर ओपन आडिटोरियम में दिखा जन सैलाब
- पुलिस के अधिकारी रहे अलर्ट मोड पर, चप्पे चप्पे में होती रही निगरानी

### पुलिस की चाक चौबंद रही व्यवस्था

दशहरे के भीड़ को देखते हुए दोपहर से ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम सड़कों पर तैनात हो गई और पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से छोटे बड़े वाहनों के लिए अलग से वैकल्पिक मार्ग व पार्किंग की व्यवस्था रखी हुई थी। साथ ही पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन लगातार सड़कों पर नजर आती रही। सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में बने रावण दहन के लिए अलर्ट भी किया और पूरी टीम पल पल की जानकारी पुलिस कंट्रोल रुम को देते रहे।

### बारिश ने दहन में डाला खलल

रावण दहन को लेकर विभिन्न जगहों पर दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा रावण के पुतले तैयार किए गए थे जिसकी दहन की तैयारियां समितियों के द्वारा जोरशोर की गई थी किंतु दोपहर को मौसम बदलते ही बारिश शुरु हो गई जिसने जमकर खलल डाला और पिछले दो दिनों से हो रही बारिश की वजह से समितियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खासतौर पर नगर निगम द्वारा आयोजित घंटाघर आडिटोरियम में तैयार किया गया रावण बारिश की वजह से बुधवार को धराशायी हो गया था जिसके बाद पुनः गुरुवार की सुबह से ही रावण खड़ा करने के लिए पूरी टीम लगी रही लेकिन रुक रुककर हो रही बारिश की वजह से रावण निर्माण करने वाले लोगों को लगातार मशक्कत करनी पड़ी।

# क्रशर खदान के पास युवक की मिली लाश, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 30 वर्षीय युवक अपने घर से नहाने के नाम पर गांव के तालाब गया हुआ था। जिसकी लाश गांव के क्रेशर खदान के पास संदिग्ध अवस्था में मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

मामला उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवलापाठ की है। यहां निवासरत रवि बिंझवार 30 वर्ष पिता समत लाल बिंझवार गुरुवार की सुबह अपने घर से 7 बजे नहाने के नाम पर घर से निकला था जो गांव के तालाब पहुंचा हुआ था और वहां अपने कपड़े को रखकर कहीं गया हुआ था। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने देखा कि रवि बिंझवार की लाश गांव के क्रेशर खदान के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ी हुई थी। लाश देखते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। लाश मिलने की सूचना पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई की और शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक रवि बिंझवार आदतन शराबी था। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### खास बात

- उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवलापाठ का मामला

# एसईसीएल के कर्मचारियों ने स्पेशल स्वच्छता की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक आर. के. गुप्ता ने महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया और उपस्थित विभागाध्यक्षों ने पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में आर. के. गुप्ता ने सभी उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने स्वच्छता के महत्व को समझा और इसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। विभिन्न विभागाध्यक्षों ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने महात्मा गांधी के आदर्शों और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। आर. के. गुप्ता ने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रण लेना चाहिए और समाज में स्वच्छता और समानता को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में आर. के. गुप्ता ने 2 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक स्पेशल स्वच्छता अभियान 5.0 की घोषणा की और सभी अधिकारी और कर्मचारियों से इसमें स्वस्फूर्त शामिल होने का आग्रह किया।

# काफी प्वाइंट की वादियों को फतह करने साइकिल थान का आयोजन 4 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय की पहल पर काफी पॉइंट की वादियों को फतह करने के लिए साइकिल थान का आयोजन 4 अक्टूबर को किया गया है । टीपी नगर चौक से सुबह 6 बजे साइकिल यात्रा काफी पॉइंट के लिए रवाना होगी तथा वहां से वापस होकर यात्रा निगम कार्यालय साकेत भवन पहुंचेगी।

स्वच्छ शहर व गांव-स्वस्थ तन और मन निर्मल पर्यावरण की थीम को लेकर माउंटेन राइड ऑन व्हील्स की तर्ज पर काफी पॉइंट की वादियों पे साइकिल से फतह, के लिए निकलेगी यह अद्भुत साइकिल यात्रा। श्री पांडेय की यह पहल कोरबा के इतिहास में जोड़ेगी एक नया अध्याय, रोमांच से भरपूर यह साइकिल थान कोरबा को देगी एक नई उपलब्धि। यहां यह बताना लाजमी होगा कि आयुक्त श्री पांडेय स्वयं एक पर्वतारोही रहे हैं, वादियों को फतह करना उनकी हावी रही है। वैसे ही जैसे वे आज कोरबा के लोगों का दिल जीत रहे हैं, उनके विश्वास उनके प्यार स्नेह को फतह कर रहे हैं तो आईये आप और हम जुड़े इस यात्रा से चलें काफी पॉइंट की वादियों को फतह करने अपने पर्वतारोही आयुक्त श्री पांडेय के साथ।



### इच्छुक व्यक्ति कराएं रजिस्ट्रेशन

साइकिल थान में भाग लेने के इच्छुक जन अपना रजिस्ट्रेशन कराये तथा आयोजन में भाग ले। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए वे आलोक कुमार जायसवाल मोबाइल नंबर 88710 00 006, जाहिद अली मोबाइल नंबर 88716 328 74, रामेश्वर कवर मोबाइल नंबर 80850 62721, राहुल मिश्रा मोबाइल नंबर 94241 410 63 से संपर्क कर सकते हैं।

# बिजली कर्मचारियों के पुरानी पेंशन व संविदा कर्मियों के नियमितीकरण का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के चरणबद्ध आंदोलन को लेकर सहायक श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी व महासंघ के साथ त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की थी। बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा पुरानी पेंशन एवं संविदा कर्मियों के नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर अपना पक्ष रखा। विद्युत कंपनी प्रबंधन का पक्ष सुनने के बाद सहायक श्रमायुक्त ने संविदा कर्मियों के 10 वर्ष के समय सीमा को तत्काल हटाने सहित पुरानी पेंशन जारी करने व संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के शीघ्र कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। वहीं श्रमिक नेताओं ने कहा है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा।

बीएमएस से सम्बद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के चरणबद्ध आंदोलन एवं 9 अक्टूबर के विशाल आमसभा व प्रदर्शन के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा सहायक श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ को पत्र के माध्यम से जानकारी दी थी। जिसके बाद सहायक श्रमायुक्त के द्वारा कंपनी प्रबंधन एवं छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की गई। बीएमएस के प्रतिनिधियों के द्वारा श्रमायुक्त के समक्ष अपना पक्ष रखा। संघ ने कहा कि पुरानी पेंशन के संबंध में श्रमायुक्त के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा गया कि विगत विधानसभा चुनाव के पूर्व राज्य सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा 1 अप्रैल 2004 के पश्चात विद्युत कंपनी में नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने की घोषणा की गई थी। उक्ताशय में उपसचिव छत्तीसगढ़ शासन ऊर्जा विभाग के द्वारा 1 अप्रैल 2004 के पश्चात कंपनी में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी को पुरानी पेंशन की सैद्धांतिक सहमति देते हुए प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत, ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड डंगनिया रायपुर को पत्र जारी किया गया था। राज्य सरकार के द्वारा 1 अप्रैल 2004 के पश्चात नियुक्त प्रदेश के लगभग 3 लाख अधिकारियों कर्मचारियों को नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन दिया गया, जबकि विद्युत कंपनी में 1 अप्रैल 2004 के पश्चात नियुक्त लगभग 7 हजार अधिकारियों कर्मचारियों के लिए आज पर्यंत तक पुरानी पेंशन लागू नहीं किया गया। श्रमायुक्त के समक्ष कंपनी के पेंशन ट्रस्ट एवं लेखा जोखा की जानकारी देते हुए बताया गया कि पुरानी पेंशन लागू करने से प्रबंधन पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं आएगा। संविदा कर्मियों के मांगों को भी सुनने के बाद संघ के मुद्दों पर सहमत होते हुए श्रमायुक्त के द्वारा कंपनी प्रबंधन के प्रतिनिधियों को 1 अप्रैल 2004 के पश्चात नियुक्त अधिकारियों को पुरानी पेंशन जारी करने और संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण की शीघ्र कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। महासंघ से आंदोलन स्थगित करने कहा गया उस पर महासंघ के प्रतिनिधियों द्वारा कहा गया कि जब तक पुरानी पेंशन लागू नहीं किया जाता और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं किया जाता और अन्य मांगे पूरी नहीं की जाती महासंघ अपना आंदोलन वापस नहीं लेगा। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ द्वारा 1 अक्टूबर से लगातार जिले सहित पूरे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में काली पट्टी लगाकर नारेबाजी एवं विवरण प्रदर्शन जारी है। इसके लिए जिले के सभी क्षेत्रों में अलग-अलग प्रभारी बनाए गए, जिसके नेतृत्व में कर्मचारी काली पट्टी लगाकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### समय सीमा की पाबंदी हटी

संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में अपनी बात रखते हुए बीएमएस के श्रमिक नेता श्री जायसवाल ने कहा कि पहले भी राज्य सरकार के द्वारा विद्युत कंपनी में वर्ष 2006, 2009 एवं 2011 ने तीन बार संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण 2 से 3 वर्ष की संविदा में सेवा के पश्चात किया गया है। वर्तमान में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को कार्य करते 10 वर्ष पूरे होने को है। वर्तमान में विद्युत कंपनी में जवाबदार नियमित मैदानी कर्मचारियों की भारी कमी है और कई वितरण केंद्रों में तो सिर्फ संविदा कर्मचारी ही फील्ड का काम कर रहे हैं। चूंकि विद्युत क्षेत्र का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण और खतरनाक प्रवृत्ति का है, जिस कारण अब तक कई संविदा कर्मचारी दुर्घटना का शिकार होकर मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं और कई संविदा कर्मचारी अपंगता का शिकार होकर नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे जवाबदारी के साथ फील्ड में काम कर सके। इस विषय पर अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के द्वारापक्ष रखने के कारण संविदा समय 10 वर्ष की समय सीमा को हटाने आदेश दिया गया।

## मां सर्वमंगला मंदिर से निकली कलश यात्रा

# पवित्र हसदेव की गोद में जवारा कलशों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्वांर शारदीय नवरात्रि के 10वें दिन अश्विन शुक्ल नवमी को कोरबा की जीवन रेखा पवित्र हसदेव नदी की गोद में जवारा कलशों का विसर्जन करने के साथ ही जगत कल्याणी माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि आध्यात्मिक जागृति के साथ सम्पन्न हो गई। अष्टमी को ज्योति कलशों का हवन-पूजन के साथ शारदीय नवरात्रि को विराम दिया गया था। राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने अपनी माँ एवं धर्मपत्नी के साथ कलश को सिर पर रखकर विसर्जित करने वाली नारी शक्ति की पूजा अर्चना करने के बाद हसदेव घाट की ओर ससम्मान रवाना किया। पाण्डेय परिवार ने बैगाओं को शांत कराया। जवारा कलशों को चुनरी द्वार से हसदेव नदी तक रवाना किया गया। रक्षक दल के रूप में हनुमान एवं उनकी वानर सेना आगे-आगे चल रही थी। ढोल-मंजीरा एवं जसगीत के साथ किया गया जवारा विसर्जन जवारा कलशों को विसर्जन करने के दौरान माँ सर्वमंगला देवी मंदिर से लेकर हसदेव घाट तक माँ का जयकारा गूंजता रहा। ढोल-मंजीरा के साथ जसगीत भी गूंज रहे थे। भजन कीर्तन करने वाले रास्ते भर माँ की भक्ति में झूमते रहे।





जवारा विसर्जन करते श्रद्धालुगण।







गुरुवार को पुलिस मैदान में रावण दहन देखने उमड़ी भीड़। राम लक्ष्मण की पूजा करते नगर विधायक अमर अग्रवाल।

### धूमधाम से मनाया गया असत्य पर सत्य की विजय का पर्व

# प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने से ही विकसित समाज का निर्माण हो सकता है : अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

*नवरात्रि के नौ दिन बाद गुरुवार को दसवें दिन असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय पुलिस मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन हुआ, यहां रिमझिम बारिश के बीच विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, उसके बाद विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के बाद सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी।*

शहर में रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड में किया गया। नगर निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में यहां 70 फीट ऊंचा रावण का पुतला बनाया गया था। शाम 6.30 बजे आयोजित रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम महापौर अमित कुमार, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम महापौर पूजा विधानी, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह, गुलशन ऋषि, मनीष अग्रवाल सहित जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी, स्टाफ, पार्षद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। रावण दहन से पहले शानदार आतिशबाजी की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर जीत का प्रतीक है। 14 वर्ष वनवास के बाद प्रभु श्रीराम ने लंका जाकर रावण का वध किया था। उन्होंने कहा कि श्रीराम को आदर्श मानकर और उनके आदर्शों पर चलकर ही आगे बढ़ा जा सकता है। त्रेता युग में वनवास काटने के बाद वे अयोध्या लौटे थे, लेकिन इस कलयुग में वर्षों वनवास में जाने के बाद अब जाकर अयोध्या में उनका आगमन हुआ है। यह हम सबका सौभाग्य है कि रामलला फिर अयोध्या वापसलौट गए हैं और हम सब उनके आगमन के साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी पर प्रभु श्रीराम की कृपा है। उनके मार्ग पर चलते हुए हम सब समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों को समाप्त कर समरस और विकसित समाज का निर्माण करें।

## रिमझिम बारिश के बीच जला रावण का विशाल पुतला, आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### अधर्म पर धर्म की जीत

रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में 65 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया गया। हिन्दुस्तानी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश में कोई भी ग्राउंड खाली नहीं है। सभी लोग अपने घर से बाहर आकर बुराई का अंत करने निकले हैं। अधर्म पर धर्म की जीत होती है। यहां 75 वर्ष की परंपरा बिलासपुर में शुरु हुई थी। यह सौभाग्य है कि रेलवे पहले डिवीजन था फिर जोन बना। रेलवे सकरात्मक ऊर्जा का केन्द्र रहा है। सदैव यहां सकारात्मक कार्य के लिए रेल अफसरों ने सहयोग किया। हम सभी संकल्प लें कि समाज में आपसी प्रेम सद्भाव बनाकर रहेंगे। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, डीआरएम राजमल खोईवाल सहित हिंदुस्तानी सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्य सहित रेल कर्मचारी और लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में दशहरा उत्सव में शहर विधायक अमर ने कहा**

## पांच सौ साल बाद श्रीराम की अयोध्या वापसी के हम सब प्रत्यक्षदर्शीः अमर

लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि त्रेतायुग के लोगों को भगवान श्रीराम को वनवास से अयोध्या वापसी करते हुए देखने का अवसर मिला था। उसके बाद अब कलयुग में पांच सौ सालों के वनवास के बाद भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी का एक-एक बच्चा प्रत्यक्षदर्शी है। उन्होंने कहा कि दशहरे पर रावण का दहन हमें इस बात की प्रेरणा देता है कि जीत हमेशा ही सत्य की होती है।

मुख्य अतिथि के रूप में श्री अग्रवाल ने सबको विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे प्रभु श्रीराम से सबके जीवन की खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं, साथ ही हम सभी श्रीराम के आदर्शों पर चलते रहें ऐसा आशीर्वाद मांगते हैं। उन्होंने समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष दो-दो रावण दहन की परंपरा पर कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस साल समिति द्वारा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार स्वरूप एक रावण का पुतला बनाया गया है, जिसका दहन किया जाएगा। आजादी की लड़ाई के दौरान एक बार महात्मा गांधी ने विदेशी वस्तुओं की होली जलाई थी।

### बस 5 मिनट में तुम्हारा हा,,हा,,हा हो जाएगा

मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल के उद्बोधन के दौरान प्रस्तुत झांकी में रावण की भूमिका निभाने वाले कलाकार के द्वारा मंच के ठीक सामने जाकर श्री अग्रवाल के सामने ही जोर-जोर से अट्टहास किया गया। अट्टहास इतनी जोर से किया गया कि श्री अग्रवाल को बोलना पड़ा कि बस पांच मिनट बाद ही तुम्हारा हा,,हा,,हा होने ही वाला है।

### बारिश में भीगते रहे लोग

लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में किसी भी तरह का शेड नहीं होने के कारण लोगों को बारिश में भीगना पड़ा। हालांकि बारिश तेज तो नहीं थी, लेकिन इतनी बारिश होती रही कि लोगों के कपड़े गीले हो गए। इस दौरान लोग अपने तौलिए, साड़ी के पल्लू, छतरी व पॉलिथीन से अपना व अपने छोटे बच्चों के सिर ढंकते नजर आए।



रेलवे नार्थ मैदान में रावण दहन किया गया।

## दुर्गा विसर्जन पर रहेगी शहर में चौक-चौबंद सुरक्षा



दुर्गा विसर्जन के दौरान शोभा यात्रा, जुलूस, झांकी एवं अन्य कार्यक्रम आदि को दृष्टिगत रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। शहर के चौक चौराहों पर सुरक्षा के लिए विशेष बल तैनात रहेगी। इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसएसपी श्री सिंह ने व यातायात प्रमुख ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों और शहर के अन्य क्षेत्रों से विसर्जन एवं शोभा यात्रा में शामिल होने आने वाले श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों एवं आम नागरिकों व वाहन चालको को यातायात नियमो के प्रति संवेदनशील एवं सदैव नियम अनुसार सड़कों पर चलने अपील की गई है।

- दुर्गा विसर्जन के लिए शोभा यात्रा, झांकी के दौरान डायवर्सन, नो एंट्री, पार्किंग, एकांगी मार्ग का उपयोग करें
- चौक चौराहे प्रमुख मार्गों एवं क्षेत्र एवं समस्त बीट एवं यातायात पॉइंट पर लगाया जा रहा अतिरिक्त बल

यातायात पुलिस द्वारा जिला प्रशासन, नगर निगम एवं सम्बन्धित अन्य अधिकारियों से समन्वय करते हुए विसर्जन स्थल का अवलोकन एवं निरीक्षण कर सभी क्षेत्रों से आने वाले मां दुर्गा की झांकियां के दौरान सरल, सुगम, सुव्यस्थित और सुचारू आवागमन रूट में पर्याप्त बल लगाई गई है। समस्त दुर्गा उत्सव समिति से समन्वय कर यातायात नियमों को बाधित न करते जुलुस वाले मार्ग में टेंट एवं पंडाल लगाने का अनुरोध किया गया । यातायात पुलिस द्वारा शहर के समस्त चौक चौराहे प्रमुख मार्गों एवं क्षेत्र एवं समस्त बीट एवं यातायात पॉइंट पर अधिक से अधिक बल लगाई जा रही है। विभिन्न समितियां से अपील की गइै कि जुलूस के दौरान साउंड सिस्टम या अग्र भाग के पीछे श्रद्धालुओं का जो भीड़ होता है उसके लिए समिति के द्वारा वालंटियर की नियुक्ति कर यातायात व्यवस्था बनाए जाने में सहयोग प्रदान करें। जुलूस के दौरान समस्त दुकान संचालकों, फुटकर व्यापारियों, फेरी लगाने वाले व्यापारियों, फल, ठेला, गुमटी एवं अन्य व्यवसायियों सभी से अपील किया गया है कि मुख्य मार्ग को छोड़कर ही अपने व्यवसाय का संचालन करें।

झांकी, जुलूस या शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के द्वारा फोर व्हीलर, थ्री व्हीलर एवं टू व्हीलर वाहनों के माध्यम से झांकी के मध्य प्रवेश करने का प्रयास की जाती है जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है। इसके लिए डायवर्सन रूट बनाकर परिवर्तित मार्ग से वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए निर्देश दिए जाएं। मां दुर्गा की शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की यातायात संबंधी कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को मां दुर्गा के जुलूस में शामिल होकर इस पवित्र त्यौहार का आनंद एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की गई है।



विजयादशमी के अवसर पर गुरुवार को आरएसएस के पथ संचलन में शामिल हुए स्वयंसेवक।

### सिम्स के सामने फिर लगने लगा जाम



**बिलासपुर।** सिम्स की बाउंड्री से लगे जगहों पर एक बार फिर एम्बुलेंस, गुमटिया और ठेले लगने लगे है। इससे सड़क पर जबरदस्त जाम लगने लगा है। दुर्गोत्सव के चलते सड़कों पर पहले से ही वाहन और लोगों की भीड़ मौजूद है ऐसे में यहां से होकर गुजरना लोगों के लिए खासी परेशानी का सबब बन रही है। पुलिस और निगम प्रशासन की ओर से जाम की समस्या को दूर करने कोई खास पहल नहीं की गई है।

## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडरो का धड़ल्ले से हो रहा उपयोग

**जांजगीर-चांपा।** जिले के होटल ढाबो एवं मिष्ठान भंडारो में व्यापारी कमर्शियल की जगह घरेलु सिलेंडरो का उपयोग करके शासन को हर साल करोड़ो रूपए का चुना लगा रहे है।

होटल , ढाबा, मिष्ठान भंडार सहित अन्य संस्थानों में नियमों के तहत कर्मशियल गैंस सिलेंडर का उपयोग सामान बनाने में किया जाना रहता है, लेकिन जांजगीर-चाम्पा जिले के पांच विकासखंड अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में इसका उल्लंघन हो रहा है। कामर्शियल सिलेंडर की कीमत भी घरेलु सिलेंडर से काफी अधिक होती है, लेकिन होटल के संचालको के



द्वारा नियमों को ताक में रखकर कमर्शियल के बजाय घरेलु सिलेंडरो का उपयोग दुकान संचालन में कर दे रहे है। जिसके चलते शासन को हर साल करोड़ों रूपए का नुकसान भी उठाना पड़ता है। कुछ सालों पूर्व खाद्य विभाग की टीम के द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के केरा चौक, नेता जी चौक, नैला रोड सहित अन्य जगहों के संस्थानों पर कार्यवाही करके सिलेंडरो को जब्त करने की कार्यवाही की गई थी। इसी प्रकार चाम्पा शहर के बरपाली चौक, लायंस चौक सहीत अन्य जगहो के होटल ,मिष्ठान भंडारो में दबिश देकर बडी मात्रा मे 'घरेलु सिलेंडरो को जब्त किया गया था। वहीं अब इस तरह की कार्यवाही नजर नही आ रही है।

**राज्य जीएसटी विभाग की टीम बाजारों में सक्रिय**

## जीएसटी छूट की जांच करने ग्राहक बनकर बाजारों में उतरे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीएसटी 2.0 की अधिसूचना लागू होने के बाद अब राज्य जीएसटी विभाग की टीम बाजारों में सक्रिय हो गई है। नई दरों में दी गई छूट ग्राहकों तक पहुंच रही है या नहीं, इसकी जांच के लिए बिलासपुर, रायपुर समेत प्रदेशभर के प्रमुख शहरों में अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारी बाजारों और शो-रूम में जाकर ग्राहकों से सीधे बात कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे कि दुकानदार सही दरों पर सामान बेच रहे या नहीं।

- जानकारी डिस्प्ले करने और पुराने-नए एमआरपी को स्पष्ट करने के भी निर्देश

जीएसटी के अधिकारियों ने बताया कि, वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़, कोरबा, जगदलपुर और अंबिकापुर जैसे शहरों में विशेष टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें रिटेल स्टोर से लेकर थोक बाजारों तक रेंडम जांच कर रही है। यदि किसी दुकान में छूट का लाभ ग्राहकों तक नहीं पहुंच रहा तो दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही दुकानों में जीएसटी दरों की जानकारी डिस्प्ले करने और पुराने-नए एमआरपी को स्पष्ट करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### सरकार मना रही बचत उत्सव

गौरतलब है कि राज्य सरकार इन दिनों जीएसटी बचत उत्सव भी मना रही है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और विधायक बाजारों में पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं और ग्राहकों से बातचीत कर रहे हैं। शो-रूम संचालकों को भी पोस्टर और सूचना-पट लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे खरीदारों को नई दरों की पूरी जानकारी मिल सके। गौरतलब है कि, केंद्र सरकार ने 22 सितंबर से कई वस्तुओं पर जीएसटी दरें घटाई हैं। इसमें टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर, कृषि उपकरण और दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। अब विभागीय स्तर पर यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि आम उपभोक्ताओं को इसका वास्तविक लाभ मिले।

### नगर सैनिक का नशे में झूमते वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** दुर्गा पंडाल में लोगों की सुरक्षा में तैनात नगर सैनिक नशे में धुत होकर झूमने लगा, इसका वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने नगर सैनिक के खिलाफ कार्रवाई करने कमांडेट को प्रतिवेदन भेजा है। गुरूवार को सोशल मीडिया में यदुनंदननगर दुर्गा पंडाल के पास नशे में धुत खाकीवर्दीदारी झूमते हुए घूम रहा था। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, खाकीवर्दीधारी होमगार्ड कैम्प में नगर सैनिक है। उसकी नवरात्री में यदुनंदननगर दुर्गा पंडाल में सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई थी। ड्यूटी के दौरान उनसे शराब पी ली। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि नशे में मिलने वाला नगर सैनिक प्रशांत रावत 135 है। उसकी ड्यूटी कानून व्यवस्था में लगाई गई थी। सिरगिट्टी पुलिस के द्वारा उसका मुलाहिजा कराया गया। उसके खिलाफ अनुशासनात्म कार्रवाई के लिए कमांडेट को प्रतिवेदन भेजा गया है।

**गिरिदावरी की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट पर्याप्त**

## एग्रीस्टेक पंजीयन के बिना भी धान बेच सकेंगे 762 वन अधिकार पट्टाधारक किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं करा पाने वाले जिले के 762 वन अधिकार पट्टा धारक किसान भी अपनी फसल सहकारी समितियों में बेच सकेंगे। इनके लिए केवल गिरिदावरी की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को ही समर्थन मूल्य पर धान बेचने की सहमति के लिए पर्याप्त माना गया है।

- जिले में 1 लाख 25 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन होना है

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए किसान एग्रीस्टेक पंजीयन कराने एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। हालांकि जिले में करीब एक लाख 14 हजार किसानों ने अपना पंजीयन एग्रीस्टेक में करा लिया है, लेकिन नहीं करा पाने वाले किसानों में 762 ऐसे भी किसान शामिल हैं, जो वन अधिकार पट्टा धारक हैं। एग्रीस्टेक पंजीयन के दौरान वन अधिकार पट्टा धारक किसानों को पंजीकृत करने लिए किसी भी तरह का विकल्प अब तक नहीं दिखाए जाने के कारण ऐसे किसानों की गिरिदावरी के भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को ही पर्याप्त माना गया है।

ऐसे किसानों को अब एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। जिले में 1 लाख 25 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन होना है, जिसके अंतर्गत आज की स्थिति में एक लाख 14 हजार के करीब किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। 11 हजार 971 किसान अब भी पंजीयन से छूटे हैं। इनमें 762 किसान वन अधिकार पट्टाधारक भी शामिल हैं।

### समितियों में होगा पंजीयन

वन अधिकार पट्टा धारक किसानों का सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी नहीं होगा। इनके प्रकरणों में गिरिदावरी की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट ही पर्याप्त होगी। इस आधार पर इनका समितयों में पंजीयन हो जाएगा।
**-पीडी हथेश्वर,**
डीडीए बिलासपुर

### चोर को मकान मालिक ने पकड़ा




**बिलासपुर।** बंद घर में चोरी करने आलमारी की तलाशी लेते एक युवक को मकान मालिक ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, परसदा निवासी नंदकिशोर यादव 26 साल 1 अक्टूबर को शाम 7 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर टांसपोर्ट नगर चले गए थे। कुछ देर बाद वे घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो एक युवक आलमारी की तलाशी ले रहा था। उन्होंने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़ा गया युवक परसदा निवासी रंजीत उर्फ बंटी यादव पिता जोहन लाल यादव 21 साल है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल पुरस्कृत हिमधर हुए सम्मानित




**मड़वारानी।** शिक्षा विभाग ने शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, डॉ. पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, सभापति नूतन सिंह, आशुतोष पांडेय निगम आयुक्त, दिनेश नाग सीईओ. जिला पंचायत, डीएमसी. मनोज पांडे, एडीओ पीके जी.भारद्वाज की उपस्थिति में डॉ जगन्नाथ हिमधर राज्यपाल पुरस्कृत प्राचार्य व डॉ गीता देवी हिमधर राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता को सम्मानित किया गया। वे अपने विषय को बाल केंद्रित शिक्षा प्रदान करते हैं। पाठ का अध्यापन विभिन्न गतिविधियों के द्वारा सरल कर नवाचार करते रहते हैं, जिससे विद्यार्थियों को याद रखने में सहायता मिलता है। साथ ही जरूरतमंद निर्धन विद्यार्थियों का सहयोग कर वृद्ध जनों का सेवा करते हैं।

### नवाचारी शिक्षक जगजीवन हुए सम्मानित



**बरपाली।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के समस्त राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, प्रत्येक विख से तीन तीन नवाचारी शिक्षकों एवं दो दो सेवा निवृत्त शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरपाली विकासखंड करतला जिला के नवाचारी शिक्षक जगजीवन राम कैवर्त्य को उनके द्वारा किए उत्कृष्ट कार्य, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नवाचार के लिए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत डॉ पवन सिंह एवं उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता जायसवाल के द्वारा दिया गया।

### राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक नोहर चन्द्रा हुए सम्मानित

**कोरबा।** शिक्षा विभाग कोरबा द्वारा आयोजित रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के



राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, नवाचारी शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक नोहर चन्द्रा को उनके उत्कृष्ट कार्य बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा में नवाचार के लिए सम्मानित किया गया।

### सड़कों पर मवेशियों का डेरा, हर पल बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

**जांजगीर-चांपा।** सड़क पर बैठे मवेशी हर पल दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे है। कई बार वाहन की गति तेज होने के कारण चालक दुर्घटना के शिकार हो जाते है। वहीं बड़ी वाहनों की चपेट में आने से मवेशियों की मौत हो जाती है। इस समस्या का मुख्य कारण मवेशी पालक अपने पशुओं को बांधकर नहीं रखते और वे मुख्य सड़कों पर जमा हो जाते हैं। जांजगीर के कचहरी चौक, नैला मार्ग, केरा मार्ग, लिंक रोड सहित अन्य सड़कों में दिन भर मवेशी घूमते व बैठे रहते हैं। दिन को वाहन चालक इनसे बचकर जैसे तैसे निकल जाते हैं, जबकि रात में वाहन चालकों की परेशानी बढ़ जाती है।

एक दिवसीय प्रवास के दौरान कई कार्यक्रम में हुए शामिल

# मुख्यमंत्री ने की भवानी मंदिर स्थल का नाम कौशल्या धाम करने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एकदिवसीय प्रवास पर आए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगरीय क्षेत्र स्थित भवानी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने भवानी मंदिर स्थल को कौशल्या धाम के नाम से किए जाने की घोषणा की। भवानी मंदिर का निर्माण काफी पहले हसदेव नदी किनारे किया गया था और वह शहर का एक प्रसिद्ध देवी स्थल के रुप में पहचान बना चुका है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हमारा राज्य विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित होगा। गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म करने का ध्येय रखा गया है। प्रदेश में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ भी राज्य में कड़े नियम बनाकर कड़ाई के साथ लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीराम लला दर्शन योजना के माध्यम से राज्य से प्रतिमाह हजारों भक्तों को सरकारी खर्च से अयोध्याधाम में श्रीराम के दर्शन का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जगद्गुरू के अपील पर भवानी मंदिर स्थल का नामकरण कौशल्या धाम करने की घोषणा की।



विष्णुदेव साय

### भवानी मंदिर में की पूजा अर्चना

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंदिर परिसर में माता भवानी एवं कौशल्या धाम मंदिर पहुँचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-पाठ करते हुए माता की प्रतिमा पर नारियल, पुष्प, चंदन एवं फल अर्पित कर आरती की। मुख्यमंत्री श्री साय ने नव-निर्मित कौशल्या धाम मंदिर में माता कौशल्या की मूर्ति का नमन किया। मंदिर में माता कौशल्या की गोद में बाल रूप में भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। जो कि मंदिर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का अवलोकन कर निर्माण कार्य की सराहना की।

## कटघोरा में गरबा का भाजपा मंडल कटघोरा ने किया विरोध



**कटघोरा ।** कटघोरा नगर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी के टी जी ग्रुप कटघोरा द्वारा गरबा नाइट का तीन दिवसीय आयोजन किया जा गया लेकिन इस आयोजन को लेकर नगर में विवाद खड़ा हो गया है। आयोजन समिति द्वारा 500 रुपये का पास निर्धारित करने के कारण आम लोगों के लिए इस धार्मिक आयोजन में शामिल होना मुश्किल हो गया इसी मुद्दे को लेकर नगर के आम नागरिकों और भारतीय जनता पार्टी कटघोरा मंडल ने इस आयोजन का कड़ा विरोध किया।

भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा ने बताया कि केटीजी ग्रुप द्वारा आयोजित गरबा नाइट में प्रवेश के लिए महंगे दरों पर पास जारी किए गए हैं, जिसकी वजह से आम व्यक्ति व उनका परिवार इस धार्मिक आयोजन से दूर रहा उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन को व्यापार का स्वरूप देना पूरी तरह गलत है। इस मामले में भाजपा पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि नवरात्रि जैसे आस्था से जुड़े उत्सव में हर वर्ग के लोगों को शामिल होने का अवसर मिलना चाहिए। लेकिन पास की बाध्यता और भारी शुल्क ने लोगों को निराश किया है। यही कारण है कि नगर के नागरिकों में नाराज़गी देखी जा रही है।

वहीं कटघोरा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग का कहना है कि नवरात्रि जैसे धार्मिक पर्व का आयोजन किसी एक वर्ग या समूह तक सीमित नहीं होना चाहिए। सभी श्रद्धालु बिना किसी आर्थिक बोझ के इसमें शामिल हो सकें, यही असली उद्देश्य होना चाहिए। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि समिति द्वारा आगामी वर्ष में इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो विरोध और तेज किया जाएगा और गरबा नाइट का पुरजोर विरोध कर प्रतिबंधित किया जाएगा।इस अवसर पर भाजपा मंडल कटघोरा की मंत्री उत्तरा चौहान ने बताया कि जब हम लोग अपने परिवार के सांथ गरबा देखने के लिए गए थे तब हमारे पास पास नही होने की वजह से गेट पर खड़े बाउंसरों के द्वारा हम लोगो के सांथ काफी बदतमीजी की गई व हमे अंदर नही जाने दिया गया जिसकी वजह से हमे निराश होकर बापस जाना पड़ा इस अवसर पर मण्डल महामंत्री समजीत सिंह उपाध्यक्ष अजय धनोंदिया,डाकेश्वर शुक्ला,स्नेहलता पटेल,विधायक प्रतिनिधि अमित जायसवाल,राजेश गुप्ता,पवन जायसवाल,मनदीप जायसवाल,सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा चलाया गया कार्यक्रम




कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालको

पोषण माह के उपलक्ष्य में केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्रोत्साहित करना तथा उनमें जागरूकता लाना रहा। इस अवसर पर 17 गर्भवती माताओं को चुकंदर, गाजर, खीरा, चना, सोयाबीन, लौकी,केले एवं संतरे जैसी विभिन्न पौष्टिक सामग्रियाँ वितरित की गईं। साथ ही, ग्राम धनेली की मितानिन बहनों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता कर महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम धनेली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने कहा हर परिवार में स्वास्थ्य और पोषण की समझ बढ़ाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। स्वस्थ माँ ही स्वस्थ शिशु और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है। इस विशेष आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सदस्य सनिल जांगड़े, भुनवेश्वरी साहू, हेमा माणिकपुरी, अनीता धीवर,मंजू साहू, हिमानी साहू, प्रियांश, दशोदा, चन्द्र कांत जांगड़े,मीनू एवं वीना राठी ने अहम योगदान दिया।

## बुजुर्ग की घर की शान होते हैं : योगेश



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवार को नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। बुजुर्गों का सम्मान किया गया और वरिष्ठ नागरिक एवं समाज विषय पर परिचर्चा की गई।

मुख्य अतिथि चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष तथा गौमुखी सेवाधाम के सचिव योगेश जैन ने कहा कि बुजुर्ग की घर की शान होते हैं। उन्हें देवता स्वरूप माना जाता है। वर्तमान परिवेश में बुजुर्गों की उपेक्षा के उदाहरण सामने आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाए जाने का उद्देश्य इसी तरह के उदाहरणों पर चिंता करना और समाधान के लिए होता है। श्री जैन ने कहा कि नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा 20 वर्षों से बगैर किसी शासकीय और गैर शासकीय अनुदान के वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है, जो सराहनीय कार्य है। सेवा सही हो तो सहयोग के लिए कई हाथ बढ़ते हैं। एनएसएस के जिला संगठक वाईके तिवारी ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा और कोई पुण्य का कार्य नहीं है। इस पुण्य का सहभागी प्रत्येक व्यक्ति को बनना चाहिए। वार्ड पार्षद रामाधार पटेल ने भवन इत्यादि कार्य संबंधी में सहयोग देने आश्वस्त किया। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख ने वृद्धाश्रम के संचालन के संदर्भ में जानकारी दी। कार्यक्रम को साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे, नागपुर के विजलेंस इंस्पेक्टर देवेन्द्र साकरे, प्राचार्य डा. संजय गुप्ता, श्री अहमद, बीएसजी डीटीसी गनेशी सोनकर, डीओसी उत्तरा मानिकपुरी, प्रीतमलाल राजवाड़े, राजीव साहू, सुखनंदन सोनकर, पलक पटेल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा शांडिल्य ने किया एवं आभार रेखारानी लाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नवदृष्टि प्रशांति वृद्धाश्रम के केअरटेकर वीरू यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की रेंजर्स द्वारा सेवा कार्य भी किया गया।

### मुकुन्द हुए सम्मानित



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र लगातार, उत्कृष्ट कार्य, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं अनेकों नवाचार के लिए फिर एक बार मुकुंद केशव उपाध्याय राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षक शासकीय मध्यमिक शाला आमापाली को उद्योग मंत्री, निगम सभापति के हाथों से मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती



कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/दीपका

राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दीपका द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम गांधी उद्यान बुधवारी बाजार में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात नगर पालिका दीपका के समीप स्थित गांधी जी की प्रतिमा एवं लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूरज दास मानिकपूरी ने इस अवसर पर महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक अहिंसा के पुजारी थे तो दूसरे ने देश को जय जवान जय किसान का नारा दे कर आंदोलित किया था। देश की आजादी राष्ट्र के निर्माण में दोनों का योगदान अतुलनीय है। श्री मानिकपुरी ने संघ की विचारधारा की आलोचना करते हुए कहा कि यह देश की एकता के लिए बाधक है। सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत ने इस अवसर पर स्वच्छता संकल्प के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के सचिव तनवीर अहमद, प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव रजनीश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष दिलीप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूरज दास मानिकपुरी, पूर्व एल्डर मेन केदार सिंह, अफजल अली, नेता प्रतिपक्ष हर्षित देवी, पार्षद इस्तेखार अली, रामजय सिंह, युवा कांग्रेस जिला महासचिव भारत मिश्रा, बालेंद सिंह, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष तारकेश्वर मिश्रा, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनीता तिवारी, युवा नेता खागेश बरेठ सांसद प्रतिनिधि सेट मसीह, फैयाज अंसारी, जुनेद अख्तर, सद्दाम शेख, सिकंदर खान, दिनेश बाल्मीकि ने विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी उपस्थित जानों ने गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम का संचालन तनवीर अहमद और आभार प्रदर्शन दिलीप सिंह ने किया।

### एसईसीएल में मनाई गई गांधी जयंती

एसईसीएल मुख्यालय में महात्मा गाँधी के 156वीं जयंती के अवसर पर मुख्य अथिति अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना आरसी महापात्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, हिमांशु जैन, विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में गांधी जी की प्रतिमा पर फूलमाला, पुष्प अर्पित कर आदरांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी एसईसीएल द्वारा उपस्थितों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया। इस दौरान मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों में सफाई मित्रों के सम्मान समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वच्छता को बढ़ावा दिया गया। आयोजित स्वच्छता शपथ के साथ हीं एसईसीएल में स्पेशल कैंपेन 5.0 की शुरुआत हो रही है जो 31 अक्टूबर तक चलेगी ।




## गांधी जयंती पर स्वच्छता श्रमदान सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा पूज्य बापू महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर तथा देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला संगठक वाय के तिवारी एवं कार्यक्रम अधिकारी जी एम उपाध्याय ने गांधी व शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा स्वयंसेवकों के समक्ष उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों को सुनाकर प्रेरित किया तदुपरान्त सर्वधर्म प्रार्थना व गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राम का सस्वर सामूहिक गान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक को स्वदेशी उत्पादों के प्रति आग्रही बनाते हुए देश को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक धारणा केवट, मुस्कान राजपूत, देवांश कुमार तिवारी, कुलरंजन दास, अश्विन लकड़ा, भूमिका राजपूत, खुशबू महंत, किशोर चौहान, शिवराज थवाईत,भानु प्रताप श्रीवास आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला-कोरबा (छ.ग.)

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सियाराम राठौर पिता स्व. समारू राम राठौर जाति राठौर साकिन छिन्दपुर तहसील दीपका द्वारा ग्राम मुढ़ाली तहसील दीपका में स्थित आवेदक द्वारा शत्रुहन पिता शिवदत्त से क्रय की गई भूमि ख.न. 73 कुल रकबा 0.158 हे. भूमि के आनलाईन रिकार्ड में पूर्व भू-स्वामी शत्रुहन पिता शिवदत्त के वारिसों का नाम दर्ज होने से उसे सुधार कर आनलाईन रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 08/10/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

# प्रतिदिन नियत समय पर हो डोर टू डोर कचरे का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पांडेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण को और अधिक प्रभावी बनाते हुए प्रतिदिन नियत समय पर ही स्वच्छता दीदी घरों में पहुंचे तथा अपशिष्ट संग्रहण करें। उन्होंने अपशिष्ट संग्रहण कार्य को व्यवस्थित करने हेतु रजिस्टर मेंटेन करने, व रजिस्टर में बस्ती मकान तिथि आदि के साथ कचरा लेने का समय दर्ज करते हुए उसे पर गृह स्वामी के हस्ताक्षर प्राप्त करने के निर्देश दिए, ताकि नियत समय पर कचरा संग्रहण हो रहा है यह प्रमाणित हो सके।

**खास बातें**

- आयुक्त ने पुराने शहर की विभिन्न बस्तियों का दौरा कर शहर की स्वच्छता व सफाई कार्यों का लिया जायजा
- कचरा संग्रहण का समय दर्ज कर गृह स्वामी से हस्ताक्षर लेने कहा




अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने अपने नियमित शहर भ्रमण के दौरान कोरबा पुराने शहर, पावर हाउस रोड, गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड मुख्य मार्ग, रानी रोड सहित अन्य विभिन्न मार्गों व बस्तियों का सघन रूप से भ्रमण कर निगम के सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बस्तियों में डोर टू डोर पहुंचकर गृह स्वामियों से कचरा संग्रहण के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने वहां के रहवासियों से पूछा कि निगम की स्वच्छता दीदीया कचरा लेने के लिए प्रतिदिन उनके घरों में पहुंचती है या नहीं, वे कितने समय आती हैं तथा पूरा कचरा लेकर जाती है या नहीं, उन्होंने गृह स्वामियों से यह भी पूछा कि वे गीला व सूखा कचरा डस्टबिन में रखते हैं तथा अलग-अलग कचरा ही स्वच्छता दीदियों को देते हैं या नहीं, उन्होंने बस्ती वासियों से आग्रह किया कि वह अनिवार्य रूप से गीला व सूखा कचरा प्रथक प्रथक रूप से ही स्वच्छता दीदियों को दें। इस दौरान निगम आयुक्त ने कचरा संग्रहण के लिए बस्तियों में पहुंची स्वच्छता दीदियों से भी उनके कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उनके द्वारा संधारित रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा निर्देशित करते हुए कहा कि वे रजिस्टर में कचरा संग्रहण का समय अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

### सीटीयू का निरीक्षण

इस मौके पर आयुक्त श्री पांडेय ने रानी रोड स्थित रानी धनराज कुँवर की प्रतिमा के समीप स्थित स्वच्छता लक्षित इकाई का निरीक्षण किया उन्होंने स्थल की साफ सफाई व उसके सौन्दर्यीकरण कार्य को गति देकर शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने गांधी चौक में नाली जाम होने की शिकायत को तत्काल दूर करने व नाली का आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने हेतु भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

### दीक्षाभूमि दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने किया प्रस्थान

**कोसमंदा।** कोसमंदा क्षेत्र के आसपास के लोग बड़ी संख्या में बुद्ध और बाबा साहब के विचारों को जानने और समझने के उद्देश्य से नागपुर दीक्षाभूमि के लिए रायगढ़, चांपा, जांजगीर स्टेशन से टाटा इतवारी और शिवनाथ एक्सप्रेस से रवाना हुए। ज्ञात हो इस परिवर्तन के दौर में समाज के लोगों ने काफी बड़ी संख्या में सामाजिक परिवर्तन के दिशा में बाबा साहब के विचारों को मानकर बुद्ध के धम्म को स्वीकार करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागपुर दीक्षाभूमि दीक्षा लेने के लिए गए है।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE

ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप



### गौ सेवा के लिए हर संभव दिया जाएगा सहयोग

**कोरबा।** लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल की ओर से क्लब अध्यक्ष लायन सुरेंद्र डनसेना और उपाध्यक्ष लायन पार्वती दास ने क्षेत्रीय गौसेवा प्रमुख राकेश वैष्णव एवं साथी गौसेवकों की उपस्थिति में गौसेवा के दौरान लगने वाली आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी गौसेवा हेतु हर संभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही उन्होंने राज्य में गौमाताओं की चिंताजनक स्थिति पर दुख व्यक्त किया। निस्वार्थ सेवा संस्थान के प्रमुख गौसेवक राकेश वैष्णव एवं उनके साथियों ने लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष सुरेंद्र डनसेना और उपाध्यक्ष पार्वती दास ने गौमाता के प्रति चिंता जताकर और बिना कहे सहयोग देकर हमारी सेवा को सराहा है। गौसेवकों ने कामना की कि गौमाता का आशीर्वाद सदैव लायंस क्लब के सदस्यों पर बना रहे।

### आयुक्त ने ठेलों दुकानों में डस्टबिन रखने दिया निर्देश

**कोरबा।** नगर भ्रमण के दौरान आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने विभिन्न स्थलों पर स्थित दुकानों, स्वल्पाहार व पानठेलों आदि में डस्टबिन की उपलब्धता व आसपास की साफ-सफाई का भी अवलोकन किया, उन्होंने दुकानदारों, गुमठी, ठेला संचालकों को हिदायत देते हुए कहा कि वे अनिवार्य रूप से अपनी दुकानों में डस्टबिन रखें, उत्सर्जित कचरे को डस्टबिन में ही डालें तथा अपने ग्राहकों से भी ऐसा करने को कहें। दुकानों, ठेलों के पास कचरा बिखरे होने पर निगम द्वारा अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी, अतः इससे बचने के लिए अनिवार्य रूप से कचरा डस्टबिन में ही डालें।

### महतारी वंदन योजना का लाभ लेने 8 तक करानी होगी केवाईसी

**कोरबा।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लाभ ले रहीं महिलाओं के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दी गई है। सभी पात्र हितग्राहियों को 8 अक्टूबर तक ई-केवायसी पूर्ण कराना आवश्यक है। जिले में वर्तमान में करीब 1.89 लाख महिलाएं इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रही हैं। सरकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन महिलाओं ने खाद्य विभाग (राशन कार्ड) के लिए पहले से ई-केवायसी करवा ली है, उन्हें दोबारा कराने की आवश्यकता नहीं है। बाकी सभी महिलाओं को निकटतम सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में जाकर निःशुल्क ई-केवायसी करवानी होगी। कोई भी अतिरिक्त शुल्क सीएससी सेंटर द्वारा नहीं लिया जाएगा। यदि किसी केंद्र पर अनावश्यक शुल्क मांगा जाता है, तो उसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन या संबंधित विभाग में की जा सकती है। लाभ की निरंतरता बनाए रखने के लिए सभी हितग्राहियों से समयसीमा के भीतर ई-केवायसी कराने की अपील की गई है। यह ई-केवायसी बायोमैट्रिक्स आधार पर होने के कारण हितग्राही का स्वयं जाना जरूरी है।

### धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी व गरबा महोत्सव

**कोरबा।** धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल बरपाली में विजयादशमी (दशहरा) और गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद झा उपस्थित हुए जिनका डायरेक्टर डॉ विवेक रंजन महतो, प्रिंसिपल दिलीप कुमार श्रीवास्तव, एकेडमिक हेड एके मिश्रा की उपस्थिति में विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान राम की जीवन लीला और रावण पर उनकी विजय को समर्पित एक प्रेरक नाटिका प्रस्तुत की गई। अतिथि प्रमोद झा द्वारा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा दशहरा हमें सिखाता है कि हमें हर दिन अपने भीतर की बुराइयों, जैसे क्रोध, अहंकार और आलस्य पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। डायरेक्टर डॉ विवेक रंजन मेहतो द्वारा यह पर्व आत्म-मंथन और नव-सृजन का प्रतीक है। इस अवसर पर रावण दहन का आयोजन भी किया गया, जिसने सभी को नकारात्मकता को त्यागने और सकारात्मकता को अपनाने का संकल्प दिलाया। दशहरा के पावन अवसर पर, शारदीय नवरात्रि के उल्लास को दर्शाते हुए गरबा महोत्सव का भी आयोजन किया गया।

### रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** डीएसपीएम के द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर मुख्य चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, सुनील सरना, विजय कुमार सेन चौधरी, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के आतिथ्य में किया गया। जिला मेडिकल अस्पताल से डॉ. तारूल कर्ष एवं चिकित्सीय स्टाफ का अति. मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सीपी जायसवाल एवं चिकित्सकीय सलाहकार डॉ. खरे उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील सरना ने कहा कि दूसरों के रक्त से जब बचती है जब अपनो की जान, तब समझ में आता है क्या होता है रक्तदान। इस रक्तदान शिविर में सीएसईबी कोरबा पूर्व के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कपोट के समीप कटघोरा-बिलासपुर एनएच पर हुआ हादसा

# सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, मौत, चक्काजाम



एनएच पर रास्ता रोककर बैठी महिलाएं।



परिजनों को समझाइश देती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दंपति खेत में मवेशियों को खदेड़ने के लिए अलसुबह अपने घर से हाईवे से लगे खेतों में पहुंचे हुए थे जहां मवेशी को भगाने के बाद महिला सड़क को पार कर रही थी कि इसी दौरान बाइक के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए महिला को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा और ग्रामीणों ने कटघोरा-बिलासपुर मुख्य मार्ग ग्राम कपोट के समीप चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम की सूचना पाते ही पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह चक्काजाम को समाप्त कराया गया।

मामला चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कपोट के समीप बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम घुईचुआं नवाडीह निवासी जमुना बाई 38 वर्ष पति रविशंकर पोर्ते दोनों गुरुवार की सुबह लगभग 5 बजे कपोट के समीप लगे अपने खेतों में मवेशियों को खदेड़ने के लिए पहुंचे थे जहां दोनों पति-पत्नी मवेशियों को खदेड़ने के उपरांत लगभग सुबह 6 बजे जमुनाबाई सड़क पार कर रही थी कि इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 12 बीएस 2265 का चालक कटघोरा की ओर से बिलासपुर की ओर जा रहा था कि कपोट के समीप वाहन चलाते हुए सड़क पार कर रही जमुनाबाई को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पास के खेत में काम कर रहे जमुना बाई का पति रविशंकर तत्काल मौके पर पहुंचा और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ पहुंच गई और कटघोरा-बिलासपुर मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया। जिसकी वजह से कटघोरा-अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग में आने जाने वाले लोगों की भीड़ लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही चैतमा चौकी प्रभारी अफसर खान दलबल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास करते रहे लेकिन ग्रामीण मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर अपनी मांगों को डांटे रहे। लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद जिला प्रशासन तहसीलदार की ओर से मृतक के परिवार को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई और समझाइश दी गई। जिसके बाद लगभग 1 घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

### सड़क पार कर रहे वृद्ध को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

फूल पौधे का दुकान लगाने वाला 61 वर्षीय वृद्ध सड़क पार कर रहा था जिसे एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत फर्टिलाइजर बस्ती निवासी भैयालाल यादव 65 वर्ष पिता स्वर्गीय लाभूराम यादव एनटीपीसी गेट के समीप फूल पौधे का दुकान लगाता है। गुरुवार की दोपहर भैया लाल यादव सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने भैयालाल यादव को अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और हादसे को अंजाम देकर मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या पहुंचे और भैयालाल यादव के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। जिसके उपरांत परिजनों द्वारा भैयालाल यादव को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर दर्री पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।



प्रतियोगिता में शामिल अतिथि व अन्य।

# यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस में हिंदी प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मंडल में आयोजित हिंदी प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक खगेश साहू, सहायक प्रबंधक शैलजा शंकर, रोहित निम्बरते, संतोष सारथी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और अभिकर्ता उपस्थित रहे।

उक्त समापन समारोह में वरिष्ठ मंडल प्रबंधक खगेश साहू ने कहा कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि यह कार्यालयीन संवाद और एकता का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिकर्ताओं और कर्मचारियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना हुई। इस समारोह में उपस्थित अभिकर्ताओं में श्याम केवट, सुकेश दलाल, कमलजीत शर्मा, विजय प्रकाश सहिस सहित अन्य नाम शामिल थे, जिन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने ज्ञान और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि यह केवल भाषा प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने कर्मचारियों और अभिकर्ताओं के बीच सहयोग, संवाद और एकता का संदेश भी फैलाया। कार्यक्रम आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह के आयोजन कर्मचारियों और अभिकर्ताओं में उत्साह और सहभागिता को बढ़ाने के साथ-साथ हिंदी भाषा के महत्व को भी स्थापित करते हैं। यह पहल कंपनी के सामाजिक और सांस्कृतिक दायित्वों को निभाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। समापन समारोह की अंत में सभी उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सफलता पर खुशी जताई और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, मंडल कार्यालय कोरबा की यह पहल स्थानीय कार्यालय और कर्मचारियों के बीच भाषा, संस्कृति और सहयोग के संदेश को मजबूती प्रदान करती है।

# विजयदशमी पर पुलिस लाइन में की गई शस्त्र पूजा, किया गया हर्ष फायर



हर्ष फायर करते पुलिस के अधिकारी एवं हथियारों की पूजा करते पुलिस अधीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विजयदशमी के अवसर पर हर वर्ष पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा आयोजित की जाती है। गुरुवार को इस वर्ष आयोजित विजयदशमी अवसर पर पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा की गई। जहां पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस के आला अधिकारियों ने विधि विधान से शस्त्रों की पूजा की और हर्ष फायर किया गया।

उल्लेखनीय है कि पूरे देश भर में गुरुवार को विजयदशमी का पर्व मनाया जा रहा है। सुबह 9 बजे रिस्दी रोड स्थित पुलिस लाइन में विजयदशमी के अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजा में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीति नितेश ठाकुर सहित पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे। जहां मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से शस्त्रों की पूजा की गई और शस्त्र पूजा के उपरांत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने हर्ष फायर की। विजयदशमी शस्त्र पूजा में बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह, नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल, कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी, रक्षित निरीक्षक अनंतराम पैकरा सहित अन्य थाना और चौकी के प्रभारी उपस्थित थे।

### कटघोरा थाना परिसर में हुआ शस्त्र पूजन



कटघोरा थाना परिसर में विजयदशमी के पावन अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। जहां पारंपरिक विधि-विधान से शस्त्र पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसडीओपी डी.के. सिंह, थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी सहित थाना स्टाफ एवं पुलिस जवान मौजूद रहे। अधिकारियों ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार विधिवत पूजा-अर्चना कर शस्त्रों का पूजन किया। इस अवसर पर सभी ने समाज में सुरक्षा, शांति और न्याय की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। पूजा-पाठ के दौरान पूरे परिसर में श्रद्धा और आस्था का माहौल रहा। अधिकारियों और जवानों ने एकजुट होकर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व दशहरा को आत्मसात करते हुए यह संदेश दिया कि पुलिस बल सदैव जनता की सुरक्षा और समाज में न्याय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एसडीओपी डी.के. सिंह ने जिले और प्रदेशवासियों को दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# प्रभु श्रीराम अपने सर्वोत्तम जीवन चरित्र के कारण मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाए: सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सुशांत शुक्ला व अन्य।

**खास बात**

- घंटाघर मैदान में निगम द्वारा आयोजित रामलीला के चौथे दिन बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

प्रभु श्रीराम अपने सर्वोत्तम जीवन चरित्र के कारण मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाएं, उन्होंने अपनी जीवनलीला के दौरान समाज के सामने जो आदर्श रखें, जो मर्यादाएं स्थापित की वे आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी की तत्समय में थीं। प्रभु श्रीराम ने वंचित समाज को गले लगाया, उन्हें अपना मित्र व सहयोगी बनाया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा रामलीला का बहुत ही सुंदर आयेजन किया गया है, जिसके लिए मैं उन्हें बधाई व साधुवाद देता हूं।

उक्त बातें नगर निगम द्वारा आयोजित रामलीला के दौरान मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कही। बनारस की देवशक्ति इंटरटेनमेन्ट रामायण मण्डली के द्वारा रामलीला का भव्यतम स्वरूप प्रस्तुत किया जा रहा है। आयोजन के चौथे दिवस बेलतरा विधानसभा के विधायक सुशांत शुक्ला ने कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य ग्रहण किया। उन्होंने श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना कर चौथे दिवस की रामलीला का शुभारंभ कराया। इस मौके पर विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन में सदैव संघर्ष रहा, उन्होंने लगातार संघर्ष किया किन्तु अपने धर्म का परित्याग कभी नहीं किया, अपने आदर्शों से कभी नहीं हटे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रामराज्य की स्थापना के लिए हम सब मिलकर कार्य करें। विधायक श्री शुक्ला ने रामलीला के आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही सुंदर आयोजन महापौर के द्वारा कराया गया है। यहां आकर तथा दर्शकों की भारी संख्या देखकर हृदय प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के युग में जब हर कोई मोबाईल में ही व्यस्त रहता है किन्तु आज देखने को मिल रहा है कि लोगों के मन में सनातन के प्रति, धर्म के प्रति और इस रामलीला के प्रति कितना लगाव व उत्साह है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने रामलीला आयोजन हेतु मिली प्रेरणा तथा आयोजन की पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला, उन्होने कहा कि निगम द्वारा आयोजित की जा रही इस भव्य रामलीला में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भाई-बहन भक्ति रस का रसास्वादन कर रहे हैं तथा व्यापक संख्या में दर्शकों का समर्थन व प्यार हमारे रामलीला को प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला, श्रीमती रामकुमारी देवांगन, देवेन्द्र पाण्डेय, सूर्यकुमार पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों का शाल एवं श्रीफल स्मृतिचिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया।

### सेतुबंध सहित विभिन्न प्रसंगों का हुआ मनोहारी मंचन

रामलीला के चौथे दिवस सेतुबंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध व राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का मनोमुग्धकारी मंचन किया गया, वहीं अंतिम दिवस 02 अक्टूबर को लेजर शो में रामायण प्रदर्शन, आतिशबाजी एवं रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। आज आयोजन के दौरान श्रीमती रामकुमारी देवांगन, सूर्यकुमार पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, नरेन्द्र देवांगन, आयोजन समिति के सचिव अशोक चावलानी, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव, चन्द्रमा सिंह राजपूत, कमलेश यादव, संजय सिंह, अशोक सिंह, आरिफ खान, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, युगल कैवर्त, पंकज देवांगन, फिरतराम साहू, उमाभारती सराफ, वैशाली रत्नपारखी, संदीप सहगल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, सुरेश बरूआ, नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला व पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, लीलाधर पटेल, राहुल मिश्रा सहित निगम के पार्षद, जनप्रतिनिधिगण एवं हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

# पावर इंपीरिया में फ्रेंड्स ग्रुप की महिलाओं ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पावर इंपीरिया में फ्रेंड्स ग्रुप के द्वारा श्रीमती कल्पना मिश्रा के मार्गदर्शन और श्रीमती तारा सोनी, विनीत सोनी, रजनी एवं दिशा चौधरी के सरहानिया प्रयास से माता रानी की पूजा और गरबा/डांडिया का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती कंचन मोटवानी, डॉ विश्वास, ममता, मधु चौधरी, नीलम सिंह, अर्चना मिश्रा, अनिमा सारंगी , रेखा सिंह, मोहिनी, आकांक्षा, अनीतासिंह, पूजा सिंह, अर्पिता सिंह, जागृति गुप्ता, जागृति सिन्हा, रूमित गुलाटी, नीतू पालीवाल, चीनाशा मिश्रा, किरण तिवारी, प्रतिमा पारीक, अनामिका यादव, मीना अग्रवाल, अर्चना गुहा राय, सोनल शाह, बबली कौर, सुदीप्ता चौधरी, श्रेयानसी तथा डोली तिवारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411